संख्या-224/2018/1246/71-1-2018-ग-45/2018

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 27 अगस्त, 2018

विषय:- बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में आई बैंक के संचालनार्थ आवश्यक पदों का सृजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/2018/1471, दिनांक 16.05.2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में आई बैंक के संचालनार्थ समूह-ग के कुल 06 पदो को स्टैण्डर्ड आफ आई बैर्किंग इन इण्डिया, 2009 के मानकानुसार संलग्न तालिका में उल्लिखित उनके सम्मुख अंकित नियमित वेतनमान में सृजित करते हुए दिनांक 28.02.2019 तक बशर्ते कि इसे बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, चलते रहने की राज्यपाल महोदय निम्नांकित शर्तो/प्रतिबंधो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि नियमानुसार देय होगें।

(2) उक्त के अतिरिक्त अन्य पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के लेखाशीर्षक-2210 -चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षण-0343-बाबा राघव दास मेडिकल कालेज, गोरखपुर के अन्तर्गत सुसंगत ईकाइयों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-1794/दस-2018, दिनांक 27 अगस्त, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

संख्या:- 224/2018 /1246(1)/71-1-2018- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- वित्त नियंत्रक, महानिदेशालय चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4- कोषाधिकारी, गोरखपुर।
5- वित्त नियंत्रक, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर ।
6- नियोजन अनुभाग-4
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।